nt>

Title: Need to give subsidy on the purchase of diesel to farmers in Uttar Pradesh to make farming lucrative.

श्रीमती अनुराधा चौधरी (कैराना) : सभापति महोदय, उ. प्र. के किसानों को खेती करने के लिए सरकार द्वारा डीजल की कीमतों में वृद्धि करने के कारण किसान के द्वारा उत्पादित अनाज तथा गन्ना इत्यादि की उत्पादन लागत प्रभावित हुई है जिससे प्रदेश का किसान आज खेती करने से हटने को तैयार है क्योंकि उसे उसकी उपज का उचित मूल्य मिल नहीं रहा है।

मैं सरकार से मांग करती हूं कि किसानों को डीजल की खरीद के लिए विशो सबसिडी दी जाए जिससे उसकी उत्पादित उपज का उचित लाभ प्राप्त हो सके और किसान आर्थिक स्थिति से उभर सके।